उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

● सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का भी पुलिस लाइन सभागार में किया गया आयोजन

संवाददाता। कानपुर देहात

एसपी अनुराग वत्स की अध्यक्षता में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कर्ष्ट कार्य करने वाले जनपद के थानों में तैनात पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी व सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। गुरूवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन/अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता श्री अनुराग वत्स पुलिस अधीक्षक जनपद कानपुर देहात द्वारा की गई।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, एवं समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे सर्वप्रथम माह दिसम्बर-2019 में विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारीगण/ कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक जनपद कानपुर देहात द्वारा सम्मान चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सैनिक सम्मेलन कर उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारीगणों की समस्याओं/ सुझावों से रूबरू होकर संबंधित को शीघ्र निस्तारण किये जाने हेतु आदेशित किया गया। साथ ही अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा विषम परिस्थितियों में भी निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किये जाने पर उनकी सराहना की गयी एवं सभी आरक्षियों को निर्देशित किया गया कि अपनी बीट क्षेत्र के अपराधियों का भौतिक सत्यापन करें। एवं अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान साफ्स्वच्छ वर्दी धारण करें तथा जनता के प्रति अपना आचरण व व्यवहार उच्च कोटि का रखें और उनके लिये आदर्श बनें और लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों एवं थानो पर मालों को शीघ्र निस्तारण करने, तथा अपहृताओं की शीघ्र बरामदगी करने तथा डायल 112 के कर्मचारियों को रेस्पान्स टाईम कम करने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि कस्बा बाजारों व बैंको की सुरक्षा हेतु समय से डियूटी भेजें तथा भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण करें एवं यदि किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को भी अवगत करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही नारी सुरक्षा दल को विद्यालय/ बाजार/ भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र/ मन्दिरों के आस पास चेकिंग करने व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने.अपने क्षेत्र में यातायात चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की सतर्कता से तलाशी ली जाये यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अर्न्तगत कार्यवाही कर्रे तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु उन्हे जागरूक भी कर्रे तथा नागरिकता संसोधन बिल के विरोध को लेकर साम्प्रदायिक अफवाहों को रोकने व शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी/ थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारी/ बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में दोनों समुदायों के संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

लंबित विवेचनाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी थाना प्रभारियों को शीघ्र विवेचना का निस्तारण करने व गम्भीर अपराधों में वांछित/ बिना जमानतीय वारंटी अभियुक्तों/ पुरस्कार घोषित/ जिलाबदर अपराधियों/ महिला उत्पीड़न संबंधी अपराधों में अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये। सर्वश्रेष्ठ पैरोकार के रूप में है.का. 76 शिवभूषण थाना मूसानगर व सर्वश्रेष्ठ विवेचक उ.नि. श्री जीतमल थाना डेरापुर का.दे. सर्वश्रेष्ठ वर्कआउट केस (गिरफ्तारी थ्रिकवरी के आधार पर) प्र.नि. श्री चन्द्रशेखर दूबे थाना भोगनीपुर का.दे., उ.नि. अनिलेश कुमार चौकी प्रभारी पुखरायां थाना भोगनीपुर, हे.का. 184 गोरेन्द्र सिंह थाना भोगनीपुर, आरक्षी 1160 शुभम गंगवार थाना भोगनीपुर, आरक्षी 1400 रेदल सिंह थाना भोगनीपुर, आरक्षी 1204 वीकेश कुमार थाना भोगनीपुर, आरक्षी अवनीश कुमार थाना भोगनीपुर का.दे. सर्वश्रेष्ठ वर्कआउट केस प्र.नि. मूसानगर रामबहादुर पाल, उ.नि. भारत सिंह थाना मूसानगर का.दे., उ.नि. नरेन्द्र सिंह थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 1213 निरोत्तम सिंह थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 357 राजेश कुमार थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 912 मोहित वर्मा थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी चालक रामनरेश त्यागी सबसे अच्छा गुडवर्क प्र.नि. मूसानगर रामबहादुर पाल, उ.नि. भारत सिंह थाना मूसानगर का.दे., उ.नि. बैजनाथ सिंह थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 1213 निरोत्तम सिंह थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 533 कपिल देव थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 829 पंकज कुमार थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 217 अरविन्द कुमार थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 677 मो. इसहाक थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 538 रोहित कुमार थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी 1151 प्रमोद चौधरी स्वाट टीम, आरक्षी 215 विपिन कुमार थाना मूसानगर का.दे., आरक्षी चालक रामनरेश त्यागी सर्वश्रेष्ठ एंटी रोमियों टीम उ.नि. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला थाना भोगनीपुर का.दे., म.उ.नि. नेहा यादव थाना भोगनीपुर का.दे., म.मु.आ. 335 सविता देवी थाना भोगनीपुर का.दे., म. आरक्षी 1276 संगीता देवी थाना भोगनीपुर का.दे., आरक्षी 2427 रावेन्द्र कुमार चौरसिया थाना भोगनीपुर का.दे. आरक्षी चार सुमित शुक्ला सर्वश्रेष्ठ पीआरवी.' पीआरवी नं. यूपी 32 डीजी 2704 मु.आ. कमलेश नारायन दूबे, मु.आ. देवेन्द्र कुमार, आ. चालक सन्तोष कुमार सर्वश्रेष्ठ क्राइम मुंशी.' आरक्षी 460 प्रिंस कुमार थाना अकबरपुर का.दे. सर्वश्रेष्ठ तामील कर्मचारी.' मु. आरक्षी 164 सुरेश चन्द्र थाना भोगनीपुर का.दे. सर्वश्रेष्ठ ट्रैफिक मैनेजमेन्ट. मु.आ. प्रो. 48 टीपी दिनेश सिंह यातयात का.दे. सर्वश्रेष्ठ मालखाना मोहर्रिर मालों के निस्तारण के आधार पर मु.आ. 1412 गन्धर्व सिंह थाना डेरापुर का.दे. सर्वश्रेष्ठ आईजीआरएस टीम.' म. आरक्षी 1279 डिम्पल कनौजिया थाना शिवली का.दे. सर्वश्रेष्ठ बीट कर्मचारी;सबसे अधिक बीट सूचना अंकित कराने एवं आदेशीय पत्रों के निस्तारण के आधार परद्ध आरक्षी 157 विवेक चाहर थाना रूरा सर्वश्रेष्ठ अभिसूचना संकलनकर्ता.' नि. श्री रवीन्द्र कुमार स्थानीय अभिसूचना इकाई कानपुर देहातसर्वश्रेष्ठ शाखा कर्मी.' आरक्षी 696 संघप्रिय गौतम मीडिया सेल कार्यालय सर्वश्रेष्ठ सीसीटीएनएस कर्मी.' कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए अजय कुमार थाना मूसानगर सर्वश्रेष्ठ थाना अपराध संख्या 600 से अधिक की श्रेणी मे थाना भोगनीपुर अपराध संख्या 600 से 300 के मध्य की श्रेणी मे थाना शिवलीअपराध संख्या 300 से कम की श्रेणी मे थाना मूसानगर का चयन कर उन्हें प्रशस्त्रि पत्र व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते एसपी अनुराग वत्स व पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी की अध्यक्षता करते एसपी। पायनियर

मुख्यमंत्री जी, भौगोलिक और आर्थिक हालात बुन्देलखंड जैसे तो फिर सुविधाएं फिर क्यों नहीं

● मुगल रोड और यमुना के बीच की पट्टी कहलाती है बीहड़ पट्टी

● 20 कि.मी. चौड़ी और 39 कि.मी. लम्बे दायरे में फैली है बीहड़ पट्टी

● पेयजल संकट, सिचाई साधनों का अभाव और बेरोजगारी के साथ अन्ना मवेशी हैं प्रमुख समस्याएं

अनिल कुमार। घाटमपुर

कानपुर देहात के कस्बा भोगनीपुर से लेकर घाटमपुर तक मुगल रोड और यमुना नदी के बी करीब 38 किलोमी लम्बी और 20किलोमी0 चौडे दायरे में फैला इलाका बीहड़ पट्टी कहलाता है, तथा यहाँ के बासिन्दे आजादी के इतने दिनों बाद भी भूलभूत सुविधायें अछूता है और हर बार चुनाव में विकास का वाद कर करते जरुर हैं पर विजय श्री मिलने पर उनके दर्शन दुर्लभ हो जाते हैं।

बीहड़ पट्टी के करीब तीन सौ गांव कानपुर देहात की भोगनपुर और घाटमपुर विधान सभा में बटें है भोगनीपुर विधान सभा जालौन-गरौठा लोकसभा सीट में शामिल है जब कि घाटमपुर अकबरपुर-रनियां लोकसभा सीट में। बीहड़ पट्टी के इस इलाके को तिरहर क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता हैं, जिसका मतलब होता है पिछड़ा इलाका, यानी भूलभूत सुविधाओं का अभाव। यमुना तटवर्ती गांव कोटरा-मकरंदपुर के पूर्व प्रधान छोटे सिंह उर्फ बाबा बताते हैं कि बीहड़ पट्टी को लोग तिरहर के नाम से पुकारते हैं जिसका अर्थ ही होता है पिछड़ा इलाका क्यों कि इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या सिचाई के साधनों का अभाव है, खेती मानसूनी वारिश पर निर्भर रहती है, यदि समय से बरसात हुई तो फसल अच्छी और न हुई तो बीज-खाद घर से चला जाता है, जब कि कृषि मुख्या पेशा है। गांव सिधौल निवासी और बरिष्ठ पत्रकार बिनोद शुक्ला बताते हैं बीहड़ पट्टी में सिचाई के साधनों का अभाव, लघु-उद्योगों की स्थापना न होना दोनों बातें यहाँ के बासिन्दों को भुखमरी और बेरोजगारी जैसी समस्या घेरे रहती है।

इसके अलावा न ही इस क्षेत्र के बिकास के लिये कोई ठोस कार्य योजना ही बनती है। वही सामाजिक कार्य कर्ता राजू पटेल और कस्बा बरीपाल के जुबेर अहमद बताते हैं करीब 4 दशक पहले तक बरीपाल की मंण्डी जिले की नही पड़ोसी जनपद फ्तेहपुर और बुन्देल खंण्ड के बांदा, हमीरपुर क्षेत्र तक की ख्याति प्राप्त मंण्डी थी तथा दूर-दराज तक के ब्यापारी यहाँ आते थे लेकिन सुरक्षा का अभाव होने के चलते आज बाजार में इने-गिने गांवों के दुकान दार ही आते है, जबकि कागजों में बरीपाल ही मंण्डी समिति है घाटमपुर उसकी उप इकाई। ग्रामीणों आरोप है कि पिछले 5 सालों से बीहड़ के इन गांवों में सरकारी हैण्ड पम्प नही लगे हैं और जो पूर्व में लगे थे वो भी जल स्तर नीचे खिसकने से बेकार साबित हो रहे, बीहड पट्टी के इन गांवों की भौगोलिक और आर्थिक स्थित बुन्देल खंण्ड जैसी है पर यहाँ सुविधायें क्यों नही इसका जवाब किसी के पास नही है। बीहड़ पट्टी के गांवों में भूगर्भ जल स्तर सौ से डेढ़ सौ फीट नीचे होने के चलते गर्मी के मौसम में और नीचे खिसक जाता है जिसके चलते हैण्ड पम्प पानी देना बंन्द कर देते हैं। और लोग पानी किल्लत से जूझते रहते हैं।

पेयजल संकट की तरह स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर बीहण के गांवों कुछ नही है लोगों को छोटी से छोटी बीमारी पर 20 कि.मी. दूर जाना पड़ता है। यदपि बीहड़ पट्टी के गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर कस्बा बरीपाल, बीबीपुर और कोटरा मकरंदपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित जरुर हैं पर डाक्टरों के अभाव के चलते लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नही मिल पाता। बार एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष श्यामबाबू सचान भी बीहड के गांवों में मूल भूत सुविधाओं की कमी होने की बात स्वीकारते है। उचित दर बिक्रेता सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र द्विवेदी ने भी बीहड़ के गांवों को बुन्देलखंण्ड जैसी सुविधायें देने की बकालत करते हुए कहा है कि इसके लिए जन आन्दोलन की जरुरत है।

यमुना बेल्ट में बाढ़ और अन्ना मवेशियों से भी किसान होता रहता है हर साल कंगाल

घाटमपुर। यमुना नदी में आने वाली बाढ़ और अन्ना मवेशियों की बजय से भी हर साल क्षेत्र का किसान कंगाल हो जाता है। क्यों बाढ से किनारे की फसलें नष्ट हो जाती हैं और अन्ना मवेशी लहलहाती फसले उजाड़ देते हैं। येसा नही है कि यहाँ के किसान अन्ना मवेशियों को लेकर समय-समय पर शासन और प्रशासन का ध्यान आकर्षित न करते रहते हो पर हालत दिन-प्रति दिन गंम्भीर होते चले जा रहे है।

इन जिलों की सीमा से घिरी है बीहड़ पट्टी

घाटमपुर। भोगनीपुर से लेकर घाटमपुर तक फैली बीहड़ पट्टी के गांव कई जिलों की सीमा रहे घिरे हैं इसमें तहसील घाटमपुर में आने वाले गांव बुंन्देल खंण्ड के जिला जालौन, हमीरपुर और बांदा तथा फतेहपुर जब कि भोगनीपुर के गांव जालौन, हमीरपुर और कानपुर नगर की सीमा से घिरे है।

उलाहना देने गई महिला की पिटाई

घाटमपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव परास में पुत्र की पिटाई का बिरोध करना एक महिला को उस समय भारी पड़ गया जब दवंगों ने उसकी भी लात-घूसों से पिटाई कर दी। गुरुवार को कातवाली पंहुची महिला ने पुलिस को बताया कि गांव के ही गोपी, कन्हैया और रोशन ने मिला कर बीते बुधवार शांम मारा-पीटा था जिसका उलहना वो देने गयी थी कि तभी अरोपी कुपित होकर उसे भी मारा पीटी। पुलिस महिला की शिकायत की जांच कर रही है।

सीडीओ ने सातवीं आर्थिक गणना टीम को हरी झंडी दिखा किया रवाना

सीडीओ जोगिन्दर सिंह सातवीं अर्थगणना टीम को हरी झंडी दिखाते हुए। पायनियर

संवाददाता। कानपुर देहात

मुख्य विकास अधिकारी जोगिंदर सिंह ने गुरुवार को विकास भवन से सातवीं आर्थिक गणना टीम को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर अभियान में सम्मलित अधीनस्थ से अपेक्षा किया कि इस कार्य मे लापरवाही न बरती जाए उन्होंने कहा कि यह कार्य सीधे आम जनता से जुड़ी है इस लिये उनसे सरल भाव से व्यवहार करें और यदि आम जनमानस द्वारा कोई भी जानकारी ली जए तो वे विस्तार पूर्वक जानकारी उन्हें दे जिससे जनता संतुष्ट रहे कभी भी आर्थिक गणना में अराजकता की स्थिति उत्पन्न न हो। मुख्य विकास अधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि इस अभियान में मोबाइल एप (इकोनॉमिक्स सेन्सस) के जरिए आर्थिक गणना होगी। उन्होंने इस कार्य मे शामिल लोगो को सचेत किया कि आर्थिक गणना का कार्य पूरी सावधानी से किया जाए। इस अवसर पर इस कार्य में शामिल जिला विकास अधिकारी प्रदधुम्न यादव, कॉमन सर्विस सेंटर से जिला प्रबंधक अमित सिंह, सचिन पुरवार जिला समन्वय मुकेश सिंह, सीएससीवीएलई और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जहर खाने से महिला की मौत

संवाददाता। रसूलाबाद, कानपुर देहात

थाना क्षेत्र के मगनू जोत में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। यह जानकारी पति को हुई तो दिल्ली से वापस घर लौट रहा था कि गांव के बाहर खेतों पर ही मृतक महिला के मायके पक्ष के लोगों ने उसके पति को बेरहमी से मारा और मरणासन्न स्थिति में छोड़कर भाग गए। आनन-फानन में पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद चिंताजनक हालत में डॉक्टरों ने उसे हैलट रेफर कर दिया। मगनू जोत गांव की रहने वाली रूबी देवी 29 पत्नी देवेंद्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में रात्रि को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी उसके पति देवेंद्र उर्फ पिंटू को हुई तो आनन.फानन में दिल्ली से घर के लिए निकला। अभी पिंटू गांव के बाहर ही पहुंचा था कि उसके ससुराल वालों ने उसे लाही के खेत में बेरहमी से पीट.पीट कर अधमरा कर दिया और मरनाशन्न की स्थिति में छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां डाक्टरों ने हालत को गंभीर बताते हुए उसे हैलट रिफर कर दिया। जहां पर अभी युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। गौरतलब हो कि अभी उठ नहीं पाया था कि रूबी देवी के परिजनों ने उसके पति की बेरहमी से मार दी। पुलिस मामले की पड़ताल करने के साथ मारपीट करने वालों की तलाश में तेजी से जुट गई।

सीएचसी के बाहर मेडिकल स्टोर में बेची जा रही एक्सपायरी दवाएं

संवाददाता। रसूलाबाद, कानपुर देहात

लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भले ही सरकार चिकित्सा क्षेत्र में ठोस कदम उठा रही हो। लेकिन जनपद के रसूलाबाद तहसील क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर मेडिकल स्टोर में मरीजों को एक्सपायरी डेट की दवा बेची जा रही है। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को आया। जहां पर कैलाश डोहरे नाम का व्यक्ति जो अपनी पत्नी के लिए इंजेक्शन लेने बाहर पहुंचा तो मेडिकल स्टोर में एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन उसको दे दिया।

जब डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाने के लिए इंजेक्शन देखा तो वह एक्सपायरी डेट का था। तुरंत उन्होंने इंजेक्शन लगाने से मना कर दिया। अगर खराब इंजेक्शन लग जाता तो पता नही क्या होता। अस्पताल के बाहर बने मेडिकल स्टोरों में खराब दवाएं बेची जा रही हैं। तीमारदार कैलाश दोहरे ने उक्त मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से करने की बात कही।सवाल यह उठता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद के बाहर बने मेडिकल स्टोर में इतनी बड़ी लापरवाही कैसे। एक्सपायरी डेट की दवाएं धड़ल्ले बिक रही हैं।

जो कभी भी किसी की जान ले सकती हैं। गुरुवार को कैलाश दोहरे नाम का तीमारदार प्रिया मेडिकल स्टोर के राजेंद्र सिंह के स्टोर पर इंजेक्शन लेने पहुंचा तो इंजेक्शन लेने पहुंचा तो राजेंद्र सिंह ने उसको एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन दे दिया। जब डॉक्टर इंजेक्शन लगाने के लिए आगे बढ़ा तो देखा इंजेक्शन एक्सपायरी था। उन्होंने तुरंत इंजेक्शन बदलने को कहा। हैरत की बात तो यह रही स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे कब तक ऐसा खेल चलता रहेगा। अगर वह इंजेक्शन लग जाता तो मरीज की जान भी ले सकता था।

रोजगार मेले में 149 बेरोजगारों को दिया गया रोजगार

संवाददाता। कानपुर देहात

जिला सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात में एक दिवसीय रोजगार मेले व कैरियर कांउसिलंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। मेले में प्रतिभग करने वाले बेरोजगारों का साक्षात्कार के पूर्व काउन्सिलिंग की गयी। सेवायोजन अधिकारी कानपुर देहात द्वारा बेरोजगारों को अपनी योग्यता के अनुसार कम्पनियों का चयन करने व साक्षात्कार के समय होने वाली परेशानी पर विस्तार से चर्चा की। कार्यालय के श्याम प्रकाशए मकीमए पुनीत तिवारीए रामकिशोर द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गयी। रोजगार मेले में कंपनी सोनम एक्रा हेल्थ केयर में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की संख्या 152 में 28 का चयन किया गया। इसी प्रकार बायोटेक रिर्सच इन0 इण्डिया में 135 में 29 का चयन हुआ0 एलएसआई सिक्युरिटी में 363 में 92 चयन किया गया।

पाइपलाइन खुदाई का काम जोरों पर

● युद्ध स्तर पर जलापूर्ति शुरू की जाने की कवायद

● ईओ पवन किशोर मौर्या ने खुद संभाला मोर्चा

● पायनियर ने 14 दिसंबर को प्रकाशित की थी खबर

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

नगर पंचायत के दक्षिणी हिस्से में ओवरब्रिज निर्माण के खम्भे से क्षतिग्रस्त हुयी पाइप लाइन के मरम्मतीकरण का कार्य शुरू हो गया है। वुधवार को शाम व गुरूवार को सारे दिन कार्यदायी संस्था ने खुदाई का काम किया।

नगर पंचायत के दक्षिणी हिस्से में स्थित बजरंगनगर, शास्त्रीनगर, शिवाजीनगर व रामनगर वार्डों को पुरानी व नयी टंकी के माध्यम से दिल्ली हावडा रेलवे लाइन को क्रास कर जलापूर्ति की जाती है। दिल्ली हावडा रेल मार्ग अपनी व्यस्तता के चलते पश्चिमी केबिन से गुजरने वाले वाहन सवारों के लिये बडी मुसीबत बनकर उभरा है। लम्बे जाम व अक्सर वाहनों के तेजी से गुजरने से आटोमेटिक पश्चिमी केबिन के क्षतिग्रस्त हो जाने से सिगनल प्रणाली धवस्त हो जाती है सिगनल प्रणाली धवस्त होने से रेलगाडियों का परिचालन ठप्प हो जाता है।

रेल गाडियों के निर्बाध संचालन को लेकर पश्चिमी केबिन पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा हैं ओवरब्रिज के पिलर के निर्माण के दौरान दक्षिणी हिस्से को जलापूर्ति पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी थी। पिछले करीब एक महीने से नगर पंचायत के पानी के टैंकरों के माध्यम से दक्षिणी हिस्से के वार्डों को जलापूर्ति की जा रही है।

रेलवे प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद वुधवार की रात्रि को करीब 150 मीटर लम्बी पाइप लाइन डालने के लिये खुदाई का काम शुरू हो गया। अधिशायी अधिकारी पवन किशोर मौर्या ने बताया कि खुदाई का काम पूरा होते ही पाइप डाल अतिशीघ्र जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

खबर का असर

नगर पंचायत के टैंकरों द्वारा घर-घर जाकर की जा रही जलापूर्ति

● ओवरब्रिज तक के निर्माण के समय पाइपलाइन हुयी लीकेजी जिससे नहीं जलापूर्ति नहीं पहुंच रही

● करीब एक लीटर पानी जलापूर्ति पहुंचने बिल्कुल ही लीकेज हो रहीं

पायनियर 14 दिसंबर, 2019, कानपुर, देहात

केबिन रोड पर खुदाई कर डाले जा रहे पाइप। पायनियर

नेहरूनगर वार्ड में कंबलों का वितरण

रसूलाबाद। कस्बे में समाज सेवक मुबीन सिद्दीकी राजा ने गरीब व असहाय लोगों के आंसू पोछे। कड़ाके की ठंड से उनको निजात दिलाने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को समाजसेवी मुबीन सिद्दीकी राजा ने नेहरू नगर वार्ड में कंबल वितरण किए। काफी संख्या में लोग कंबल वितरण समान पहुंचे। गुरुवार को जनपद के रसूलाबाद कस्बे में समाजसेवक मुबीन सिद्दीकी राजा ने कम्बल बांटे। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष समाजसेवी मुबीन सिद्दीकी राजा गरीब व असहाय लोगों को कंबल बांटते हैं। इसी क्रम में उन्होंने गुरुवार को करीब एक सैकड़ा समुबीन सिद्दीकी राजा ने कहा लोगों की इसी प्रकार मदद करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज सेवा करना उन्हें अच्छा लगता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से कल्लू मंसूरी, छोटे, शिवराम नूर मो, लाखन चक, छोटे कुशवाहा, सरोजिनी सहित करीब एक सैकड़ा लोगों ने कंबल पाए।

फिर बदला मौसम का मिजाज, गरीबों ने लिया अलाव का सहारा

कायमगंज, फर्रूखाबाद। आज से कुछ दिन पहले कड़ाके की सर्दी से लोग बेहाल होते नजर आ रहे थे। किंतु इसके तुरंत बाद 2 या 3 दिन तक रह-रहकर बदली के बीच खिली धूप से सभी ने राहत महसूस की थी। साथ ही हवा के झोंके ठिठुरन बढ़ाने लगे। जिससे एक बार फिर जनजीवन अस्त व्यस्त होता दिखाई दे रहा है। ऐसे लोग जो या तो मध्यम आय वर्ग के हैं, या फिर गरीब उनके पास आधुनिक साधनों की कमी ही नहीं बल्कि पूरी तरह अभाव है। इन लोगों का सर्दी से बचाव के लिए सहारा केवल आग जलाकर अलाव तापना ही है। उसी का सहारा फिर एक बार लेते हुए इस भीषण सर्दी में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग नजर आ रहे थे।

RICH UNIVERSE NETWORK LIMITED
(Formerly Known as Rich Capital & Financial Services Limited)
Regd. Office: 7/125, (C-2), 2nd FLOOR, SWAROOP NAGAR, KANPUR- 208002
PHONE No.: 0512-3391881, **Tele Fax:** 0512-2540293
CIN: L51100UP1990PLC012089 **E-mail:** rcfsl@rediffmail.com investors@richuninet.com
website: richuninet.com
Notice
Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 readwith Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Monday, 3rd day of February, 2020 at 11:00 A.M. at the Registered Office of the Company at IInd Floor, 7/125, C-2, Swaroop Nagar, Kanpur - 208002, interalia to consider, approve and take on record the un-audited financial results of the Company for the quarter ended on 31st December, 2019 & any other business with the permission of Chair.
Pursuant to the Company's Code of internal procedures and Conduct for regulating, monitoring and reporting of trading by insiders of the Company, the Trading Window for dealing in securities of the Company is closed for all Designated Persons and immediate relatives of designated persons from Wednesday, 1st January, 2020 to till 48 hours after the declaration/announcement of the un-audited financial results of the Company for the quarter ended 31st December, 2019.
The information contained in this notice is available on the Company's website www.richuninet.com and also on the website of BSE Ltd.-www.bseindia.com.
For Rich Universe Network Limited
Sd/-
(Shashwat Agarwal)
Chairman & Managing Director
DIN: 00122799
Date : 09.01.2020
Place : Kanpur